# OP JINDAL SCHOOL, PATRATU
# QUESTION BANK OF PT-I

**CLASS: IX** **SUBJECT: HINDI**

**I. बहुवैकल्पिक प्रश्न –**

1. 'दो बैलों की कथा' नामक पाठ से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
(क) हमें मेहनत करनी चाहिए (ख) मालिक की सेवा करनी चाहिए
(ग) स्वतंत्रता के लिए संघर्ष आवश्यक है (घ) शत्रु को शत्रु ही समझना चाहिए

2. गधे के कौन-से गुण उसे ऋषियों मुनियों की श्रेणी में खड़ा कर देते हैं?
(क) परिश्रम (ख) अध्ययन (ग) सहनशक्ति (घ) त्याग

3. पशुओं में कौन-सा गुण मनुष्य के गुणों से ज्यादा विकसित है?
(क) मन के भावों को समझना (ख) परिश्रम करना
(ग) अच्छे बुरे में भेद करना (घ) दूसरों से काम लेना

4. "लेकिन औरत पर सींग चलाना मना है"- यह कथन किसका है?
(क) मोती का (ख) हीरा का (ग) झूरी का (घ) गया का

5. 'बैल का जन्म लिया है तो मरने से कहाँ तक बचेंगे' यह कथन किसका है?
(क) कांजी होस के चौकीदार का (ख) झूरी का
(ग) गया का (घ) मोती का

6. 'गैरिक' शब्द का क्या अर्थ है?
(क) प्यारा व्यक्ति (ख) पराया धन (ग) संन्यासी (घ) गेरु रंग का

7. 'स्वागतोक्ति' शब्द की सन्धि-विच्छेद कीजिए।
(क) स्वगत + उक्ति (ख) स्व + गतोक्ति (ग) संगत + ओक्ति (घ) स्वगत + अति

8. लेखक ने राजेन्द्र नगर के मैगजीन कार्नर से क्या खरीदा?
(क) जर्मन सिखा देने वाली किताबें (ख) योग सिखाने वाली किताबें
(ग) पाककला में कैसे पारंगत हुआ जाए (घ) हिन्दी बांग्ला और अंग्रेजी सिने पत्रिकाएँ

9. आसन्न प्रसवा का क्या अर्थ है?
(क) जिसे आजकल में बच्चा होने वाला है (ख) आसमान से उतरी हुई
(ग) दूसरी जगह प्रवास काना (घ) साथ-साथ रहना

10. 1949 में लेखक ने कौन सी-नदी की बाढ़ के बारे में बताया है?
(क) कोसी नदी (ख) गंगा (ग) महानदी (घ) सोन नदी

11. मोको कहाँ ढूंढे बंदे, 'मैं' तो तेरे पास में इसमें मैं' किसके लिए प्रयोग हुआ है।
(क) कबीर दास के लिए (ख) अहंकार के लिए (ग) भगवान के लिए (घ) मनुष्य के लिए

12. कबीर के अनुसार ईश्वर का वास कहाँ है
(क) मंदिर में (ख) जंगल में (ग) आकाश में (घ) प्रत्येक जीव की साँसों में

13. कबीर ने संत के क्या लक्षण बताए हैं।
(क) वह किसी एक मत को मानता है (ख) वह अपने पक्ष का समर्थन करने वाला होता है
(ग) वह निरपेक्ष होकर ईश्वर का भजन करता है (घ) वह सभी मतों को मानता है

14. ज्ञान की आंधी आने पर क्या होता है?
(क) मनुष्य का भ्रम दूर हो जाता है (ख) माया-मोह से छुटकारा मिल जाता है
(ग) मनुष्य की अज्ञानता समाप्त हो जाती है (घ) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

15. 'मान सरोवर ........... अनंत न जाहि' इस साखी में कौन-सा अलंकार है?
(क) अन्योक्ति (ख) रूपक (ग) श्लेष (घ) उपमा

16. 'प्रख्यात' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है –
(क) प्र (ख) प्रख् (ग) पर (घ) पर्

17. 'पराभूत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है –
(क) प (ख) परा (ग) प्रा (घ) पर

18. 'अनुवाद' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(क) अनु (ख) अ (ग) अन (घ) अउ

19. 'लेखक' शब्द में प्रत्यय बताये

(क) अन (ख) अनीय (ग) अक (घ) अक्कड़

20. 'पावक' शब्द में प्रत्यय बताये

(क) अक (ख) आक (ग) आई (घ) ति

**21. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखें -**

भारत अपनी चित्रकला, शिल्पकला और वास्तुकला के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है l आगरा में यमुना तट पर स्थित ताजमहल वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है। यह विश्व के सात अजूबों में से एक है। सफ़ेद संगमरमर से बने ताज के अनुपम सौंदर्य को देखकर सभी लोग दाँतों तले उंगली दबा लेते हैं। ताजमहल का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने करवाया था। इसका निर्माण लगभग बीस हजार मजदूरों ने बीस वर्षों में किया था। ताजमहल के प्रवेश-द्वार पर लाल पत्थर लगे हैं, जिन पर कुरान की आयतें खुदी हुई हैं। ताज के गुंबद और मीनारें दूर से की दिखाई देते हैं। ताजमहल संगमरमर के एक भव्य चबूतरे पर बना है। इसके चारों कोनों पर संगमरमर की चार मीनारें हैं।शरद पूर्णिमा की चाँदनी रात में ताजमहल ऐसा प्रतीत होता है, मानो दूध से नहाया हुआ है l अपनी सुंदरता और कारीगरी के कारण ही यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

(क) भारत विश्व में किस लिए प्रसिद्ध है?

(i) वास्तुकला के लिए (ii) शिल्पकला के लिए

(iii) चित्रकला के लिए (iv) उपरोक्त सभी

(ख) ताजमहल का निर्माण किसने करवाया था?

(i) मुगल बादशाह अकबर ने (ii) बादशाह जहाँगीर ने

(iii) बादशाह शाहजहाँ ने (iv) औरंगज़ेब ने

(ग) ताजमहल की सुंदरता को देखकर लोग-

(i) प्रसन्न हो जाते हैं (ii) आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

(iii) उदास हो जाते हैं (iv) मूर्छित हो जाते हैं

(घ) शब्द पूर्णिमा के दिन ताजमहल दिखाई देता है-

(i) चाँद जैसा (ii) दूध जैसा सफ़ेद

(iii) सोने जैसा चमकीला (iv) उपरोक्त सभी

(ङ) गद्यांश के लिए सबसे उचित शीर्षक हो सकता है-

(i) संगमरमर (ii) भारत की शिल्पकला

(iii) ताजमहल (iv) बादशाह की ताजमहल वास्तुकला का अजूबा

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें -**

22. कांजीहौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी?

23. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

24. कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभर कर आए हैं?

25. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?

26. लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूल जाते हो।'-हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

27. मानसरोवर से कवि का क्या अभिप्राय है?

28. कवि ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?

29. इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?

30. किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या कर्मों से?

31. मनुष्य ईश्वर को कहां-कहां ढूंढता है?

32. बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

33. सबकी जबान पर एक ही जिज्ञासा- 'पानी कहाँ तक आ गया है?' इस कथन से जनसमूह की कौन-सी भावनाएँ व्यक्त होती है?

34. 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों?

35. खरीद-बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी?

36. जब लेखक को यह अहसास हुआ कि उसके इलाके में भी पानी घुसने की संभावना है तो उसने क्या-क्या प्रबंध किए?

37. बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है?

38. नौजवान के पानी में उतरते ही कुत्ता भी पानी में कूद गया। दोनों ने किन भावनाओं के वशीभूत होकर ऐसा किया?

39. छोटी बच्ची ने हीरा और मोती की रस्सी क्यों खोल दी?

40. दोनों बैलों के साथ कैसा व्यवहार हो रहा था ?

**<u>पत्र लेखन :</u>**

41. आपके नगर में अनाधिकृत मकान बनाए जा रहे हैं l इनकी रोकथाम के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए l

42. अपने क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए आयुक्त यातायात के नाम पत्र लिखिए l

43. विद्यालय में प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण होने पर अपनी सहेली को एक बधाई-पत्र लिखिए l

44. आपका मित्र विदेश-यात्रा पर जा रहा है l शुभकामना पत्र लिखिए l

45. अपने क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति पर किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए l

**<u>विज्ञापन लेखन :</u>**

46. अपने पुराने मकान का विवरण देते हुए उसकी बिक्री के लिए लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए l

47. किसी मोबाइल फ़ोन बनाने वाली कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए l

**<u>संदेश लेखन :</u>**

48. आपके मित्र ने नीट की परीक्षा में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है l उसे बधाई देते हुए लगभग

40 शब्दों में एक संदेश लिखिए 1

49. केरल के निवासी अपने मित्र को ओणम के अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक बधाई-संदेश लिखिए 1

**संवाद लेखन :**

50. दिल्ली में प्रदुषण की भयावह स्थिति पर दो मित्रों के बीच होने वाला संवाद लिखिए 1

*******